साप्ताहिक

Website: www.narmadasamay.com
Email: narmadasamay@gmail.com

Title Code:-MPHIN/36648

# नर्मदा समय

संपादक-प्रताप सिंह वर्मा

वर्षः 01, अंकः 28 | इटारसी, सोमवार 19 जून से 25 जून 2023 | पृष्ठ-04 | मूल्यः 05 रुपए

# 'आलोक वीर राष्ट्रीय सम्मान' से सम्मानित हुई ब्रह्मलीन डॉ शशि प्रभा वर्मा














नर्मदा समय

**इटारसी। अखिल भारतीय लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ (आलोक) द्वारा ब्रह्मलीन डॉ शशिप्रभा वर्मा को मरणोपरांत 'आलोक वीर सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें जबलपुर मे आयोजित 6 वें राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं प्रान्तीय अधिवेशन कार्यक्रम मे आलोक आयोजक प्रमुख लोकेश लिल्हारे आइ आर एस ने उनके सुपुत्र डॉ प्रताप सिंह वर्मा को प्रदान किया।**

यह सम्मान उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा समाज में किए गए उल्लेखनीय कार्यो के लिए दिया गया। सम्मान समारोह देशभर के लोधी समाज के अधिकारी कर्मचारी एवं सभी विधायकगण तथा जनप्रतिनिधियों के साथ आलोक के पदाधिकारी उपस्थिति थे। कोरोना काल में खोए हुए आलोक के सदस्यों का सम्मानित होने की कड़ी में उनका नाम प्रमुखता से था। पूर्व में वे आलोक संघ की सदस्य रही हैं तथा उनके द्वारा नर्सिंग ट्रेनिंग क्षेत्र के एवं निशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा के कार्य लाइफ-लाइन संस्था के माध्यम से प्रशंसनीय रहे है। पीड़ित मानवता के समाजसेवा के कार्यो में वह अग्रणी थी गौरतलब है कि वे रानी अवन्ति विद्या निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल, इटारसी कि संस्थापक भी हैं, उनका दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा पाठ्यक्रम संचालन में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है साथ ही सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों में उनका समाज को योगदान अमिट रहा हैं। उनके इस राष्ट्रीय 'आलोक वीर सम्मान' मिलने पर परिवार के सदस्य अनामिका वर्मा, उदय राज वर्मा, डॉ अनमोल वर्मा, आदित्य वर्मा, मदन मोहन वर्मा तथा रानी अवन्ति हेल्प लाइन संस्था, इटारसी गौरवान्वित है एवं नर्मदापुरम के लोधी समाज के कर्मचारियों, चिकित्सको में हर्ष हैं।उनके सुपुत्र रानी अवंती विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य डॉ प्रताप सिंह वर्मा ने आलोक संघ के सभी पदाधिकारियों सदस्यों एवं लोधी महासभा का इस सम्मान हेतु आभार व्यक्त किया हैं।

## मुख्यमंत्री ने दिव्यांग लाड़ली बहनों को दी विशेष तीन पहिया स्कूटी

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने इंदौर प्रवास के दौरान आज दिव्यांग लाड़ली बहनों के रोजगार और उनके जीवन को आसान बनाने के लिये बड़ी सौगात दी है। उन्होंने 10 दिव्यांग लाड़ली बहनों को विशेष तरह की तीन पहिया टीवीएस जूपिटर स्कूटी भेंट की। जिन महिलाओं को यह स्कूटी मिली है, उनमें करुणा चिल्हाटे, पिंकी हिरवे, पिंकी दुबे, ममता साहू, दिव्या पामेचा, पुष्पा रसीले, योगिता सिसोदिया, पलक त्रिवेदी, सुरेखा चौहान और सुषमा मिश्रा शामिल है।

मुख्यमंत्री चौहान इंदौर भ्रमण के दौरान मरीमाता चौराहा पहुँचे। यहाँ उन्होंने लाड़ली बहनों से चर्चा की। बहनों ने मुख्यमंत्री को लाड़ली बहना योजना के लिए धन्यवाद दिया एवं उनका आभार।

उल्लेखनीय है कि इंदौर में कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी की विशेष पहल पर रेडक्रास एवं जन सहयोग से दिव्यांगों को रोजगार एवं उनके जीवन को आसान बनाने के लिए तीन पहिया टीवीएस जूपिटर स्कूटी उपलब्ध करायी जा रही है।

## भारतीय मानव अधिकार सहकार संगठन की जिले की चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी बनी डॉ अनमोल वर्मा

नर्मदा समय/ प्रदीप गुप्ता



**नर्मदापुरम।** भारतीय मानव अधिकार सहकार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री रामेश्वर जाट की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश के नर्मदा पुरम जिले की चिकित्सा प्रकोष्ठ की जिला प्रभारी डॉ अनमोल वर्मा का मनोनयन हुआ है। अनमोल वर्मा द्वारा भारतीय मानव अधिकार संगठन में महत्वपूर्ण पद जिला चिकित्सा प्रभारी मिलने पर समूचे चिकित्सा क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों ने प्रसन्नता जाहिर की है सामाजिक बंधुओं सहयोगियों एवं शुभचिंतकों ने डॉक्टर अनमोल वर्मा को बधाइयां प्रेषित की हैं।

## संयुक्त मोर्चा के माध्यम से भाजपा हुई एकत्रित

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा

**केसला।** तिलक सिंदूर मंदिर प्रांगण में भाजपा के सभी मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने एकजुटता का परिचय दिया पूरे सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी के बारे में वक्ताओं ने चुनाव में जनता के बीच जाने का गुरु मंत्र दिया। संयुक्त मोर्चा के कार्यक्रम में सबसे पहले डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं प. दीनदयाल उपाध्याय की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात नेताओं ने जीत के गुरुमंत्र दिए। विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने सम्बोधित करते हुए बताया की हमारा प्रत्याशी कमल का फूल टिकट किसी को भी मिलें पर हमारा सभी का प्रत्याशी तो केवल कमल का फूल है एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

वरिष्ठ भाजपा नेता शम्भू सिंह भाटी ने सम्बोधित करते हुए विधायक प्रेम शंकर वर्मा की तारीफों के पुल बांधे एवं अगला विधानसभा प्रत्याशी भी बताया।

विधायक प्रतिनिधि दिनेश मेहतो ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने यह कार्यकताओं का मिल समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकास के 9 साल पूरे होने पर किया गया जो बहुत सफल रहा। संयुक्त मोर्चा के कार्यक्रम में किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन चौधरी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया, विधायक डाक्टर सीतासरन शर्मा, रामसेवक रावत, संतोष पारिख, यशवंत पटेल, डाक्टर विशाल सिंह बघेल, योगेन्द्र मंडलोई, रघुवीर सिंह राजपूत, दीपक महालहा, ज्योति पटेल, सीमा कासदे, मधू धुर्वे, अनिता वर्मा, संदेश पुरोहित, शैलेन्द्र दीक्षित,




अशोक साहू, अजीत मंडलोई, सुनील नागले, लक्ष्मीनारायण लोवंशी, लक्ष्मी ठाकुर, अजय चौधरी, ब्रजेश चोरे, निखिलेश यादव, संतोष सल्लाम, गणेश पगारे, तासू चौधरी, यश पवार, कमल किशोर परते, रामविलास उइके आदि कार्यकर्ता नेता उपस्थित रहे।

## अंबालिका किशोरी की भागवत कथा का भंडारा एवं पूर्णाहुति संपन्न हुई

### डॉ प्रताप सिंह वर्मा ने स्मृति देकर सम्मानित किया



**नर्मदापुरम।** अग्रवाल विश्रांति भवन सेठानी घाट पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आनंद महोत्सव का समापन पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ हुआ। विगत 7 दिनों से चल रही कथा को स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में वृंदावन से पधारी अंबालिका किशोरी के मुखारविंद से श्रवण किया। उल्लेखनीय हैं की अम्बालिका किशोरी का नर्मदापुरम मे बाल्यकाल बीता एवं उनके गुरु सुदर्शनाचार्य प्रताप महाराज से प्रारंभिक मार्गदर्शन मिला। भागवत कथा यज्ञ की पूर्णाहुति उनकी गुरु माता नर्मदेश्वरी देवी के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उनके भाई डॉ प्रताप सिंह वर्मा ने सम्मान स्वरूप उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने बताया कि वृंदावन गुरुकुल से कथा व्यास गादी तक पहुंचना नर्मदांचल क्षेत्र के लिए गौरव की बात हैं। बहन अनामिका वर्मा ने बताया कि आयोजित भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण किया। कथा आयोजक सुदेश वर्मा, ज्योति रानी वर्मा के साथ परिवार के सुनील वर्मा, श्रद्धा वर्मा, इंद्रजीत सिंह वर्मा, विजय वर्धन वर्मा, डॉ अनमोल वर्मा, उदयराज वर्मा, आदित्य वर्मा ने भागवत कथा में सम्मिलित लोग के लिए आभार के साथ हर्ष व्यक्त किया हैं।

## भाजपा महिला मोर्चा नगर मंडल पुरानी इटारसी द्वारा प्रबुद्ध महिलाओं का सम्मान किया

नर्मदा समय/ प्रताप सिंह वर्मा




इटारसी। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा नगर मंडल पुरानी इटारसी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा एवं समर्पण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबुद्ध महिला सम्मेलन अभिनंदन हाल पुरानी इटारसी में 16 जून दिन शुक्रवार को संपन्न हुआ। जिसमें प्रबुद्ध महिलाओं को सम्मान स्वरूप तुलसी वृक्ष देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप उपस्थित प्रबुद्ध जनों में संगीता राजपूत, स्वर्ण लता छेनिया, मनोरमा पांडे,ममता वाजपेयी, तूलिका, राधा मैना, वंदना वर्मा, निधि पंकज चौरे, मनीषा निर्मल राजपूत और भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती अर्चना पुरोहित, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमा पुरोहित, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी गालर, जिला मंत्री ममता मालवीय,भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष बबीता चौहान, भाजपा मंडल महामंत्री गोविंद मेहतो, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सौरभ चौधरी, अनीता भगोरिया, किरण मालवीय, ममता सोनी, रामवती बरखने, क्षमा चावरे, दीपा यादव, प्रीती मीना, शक्ति राजपूत, सीमा चंदेल, प्रतिक्षा ठाकुर, संध्या राय, अनीता ओंकार, विजय तिवारी, समोत्ता धार्मिक, अंजू गाठे, सरिता टेकाम, बीना कटियार आदि अधिक संख्या में पद अधिकारी कार्यकर्ता बहने उपस्थित रहे।

## समर्पण ग्रुप ने वृद्धाश्रम में विश्व पितृ दिवस मनाया एवं स्वच्छता अभियान चलाया

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा

इटारसी। 18 जून दिन रविवार को समर्पण ग्रुप इटारसी के सभी सदस्यों ने विश्व पितृ दिवस की अवसर पर वृद्धाश्रम परिसर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई की। और सभी बुजुर्गो के साथ मिलकर अल्पाहार किया एवं सभी सदस्यों ने सभी वृद्ध जनों को फल वितरण किए तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

समर्पण ग्रुप की सदस्य राजेश महोबिया ने कहा कि बुजुर्ग हमारे मार्गदर्शक होते है और इनके मार्गदर्शन से ही हम अपना जीवन सफल बना सकते हैं। समर्पण ग्रुप के सदस्य मनोज बाऊसकर ने कहा कि बुजुर्गो का आशीर्वाद ही हमें विपत्तियों से बचा सकता है। अतः सदैव उनका सम्मान करें। समर्पण ग्रुप निरंतर प्रति रविवार इटारसी शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के धार्मिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चला रहा है। समर्पण ग्रुप के सदस्यों ने आसपास के रहवासियों से यह निवेदन किया कि वृद्धाश्रम के आसपास कचरा ना फेंके। सदैव इसे साफ और स्वच्छ बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। और ग्रुप ने स्वच्छता की अपील के फ्लेक्स भी आसपास लगाएं। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के बुजुर्गो ने कहा कि समर्पण ग्रुप के सभी सदस्य बहुत अच्छा काम कर रहे है जिनके कार्य निरंतर शहर को एक संदेश दे रहे हैं कि शहर के प्रत्येक नागरिक को हर हफ्ते अपने व्यस्ततम दिनचर्या में से थोड़ा समय निकालकर अपने आसपास के धार्मिक स्थान, गली, मोहल्ले आदि की साफ सफाई पर थोड़ा ध्यान दिया जाए तो शहर निश्चित ही स्वच्छता के लिए जाना जाएगा। इसके साथ ही समर्पण ग्रुपके सदस्य आम नागरिकों से अपील कर रहे हैं कि वह पुरानी पुस्तकें हमें उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें जरूरतमंद छात्रों तक पहुंचाया जा सके।



इस अवसर पर समर्पण ग्रुप के संस्थापक आशीष भदौरिया (मासाब), अध्यक्ष राजेश चौधरी, उपाध्यक्ष अंकित राठौर, सचिव गिरधारी चौरे, सह सचिव रोहित सनस, सह सचिव गुड्डू सराठे, महामंत्री रामबाबू सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष मुकेश पाल, मनोज बाऊसकर, मीडिया प्रभारी जिज्ञास मौर्य, राजेश महोबिया, सुनील पटेल, सतीश पटेल एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## प्राइमरी विद्यालय 1 जुलाई से, 6वीं से 12वीं 20 जून से खुलेंगे

**नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा/ इटारसी।** मध्यप्रदेश में लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी प्राइमरी स्कूलों के खुलने की टाइमिंग बढ़ा दी गई है। स्कूल शिक्षा मंत्री इन्दरसिंह परमार ने रविवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी है। परमार ने लिखा कि भीषण गर्मी और तापमान में वृद्धि से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य में प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मावकाश को बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने लिखा कि कक्षा 1 से 5 तक के प्राथमिक विद्यालय 1 जुलाई 2023 को खुलेंगे और कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यालयों में कक्षाएं 20 जून से 30 जून तक सुबह की पाली (मॉर्निंग शिफ्ट) में संचालित होंगी। कक्षा पांचवी की परीक्षाएं निर्धारित समय सारणी के अनुसार होगी। 1 जुलाई 2023 से सभी विद्यालय नियमित समय सारणी के अनुसार संचालित होंगे।

# भीड़ तंत्र के खतरों से अनभिज्ञ समाज

देश के कई राज्य हिंसा तथा चुनाव की प्रतिस्पर्धा से जल रहे हैं। मानवता चीत्कार कर रही है और आम नागरिक अपने जलते हुए घरों और परिजनों के मृत शव को देखकर भयभीत हो रहे हैं। मणिपुर और पश्चिम बंगाल की हिंसात्मक घटनाओं को देखकर धीरे-धीरे सामाजिक न्याय पर विश्वास उठता जा रहा है जब मंत्रियों के घरों में आग लगाई जा सकती है तो आम आदमी कि कोई अहमियत नहीं रह गई है। राज्य सरकारें हाथ में हाथ धरे बैठी केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है बड़ी विभीषिका के दृश्य सामने आ रहे है । भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सड्डा मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग। वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृड्डि सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10 लोगों के पास देश की 58₹ संपड्डि का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70 भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं। और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है। भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख श.ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी।



संपादकीय

# किस बेटी ने पिता की याद में पहली बार मनाया था फादर्स डे, जानिए पितृ दिवस का इतिहास



डॉ प्रताप सिंह वर्मा




**फादर्स डे की नींव रखने वाली बेटी का नाम सोनोरा लुईस था। सोनोरा की मां के निधन के बाद उनके पिता ने अकेले ही बेटी की परवरिश की।**

**पिता और बच्चों का रिश्ता स्नेह के साथ ही जिम्मेदारी, सुरक्षा और फ्रिक का रिश्ता है। मां शिशु को 9 महीने कोख में रहती है और पिता बच्चे के आत्मनिर्भर होने तक उसकी जिम्मेदारी लेते हैं। हर पिता अपने बच्चे से प्यार करता है लेकिन उसके भविष्य को संवारने और आदर्श जीवन देने के लिए सख्ती दिखाने से भी पीछे नहीं हटता है। पिता को त्याग और समर्पण का उदाहरण कह सकते हैं। कई बच्चों के लिए उनके पिता ही सुपरहीरो होते हैं।**

हालांकि अक्सर बच्चे पिता के सामने अपनी इस भावना को व्यक्त करने में पिछड़ जाते हैं। पिता के प्रेम और त्याग को सम्मान देने के लिए दुनियाभर में हर साल फादर्स डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत एक बेटी ने की, जो अपने पिता से बेहद प्यार करती थी। आज हर बेटा और बेटी अपने पिता को खास महसूस कराने के लिए फादर्स डे मनाते हैं। आइए जानते हैं इस वर्ष फादर्स डे कब मनाया जा रहा है और पहला फादर्स डे किसने मनाया था।

## फादर्स डे कब मनाते हैं?

विश्व के तमाम देशों में हर पिता को सम्मान देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष जून माह में फादर्स डे मनाते हैं। हर साल जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की परंपरा है। इस वर्ष 18 जून को फादर्स डे मनाया जा रहा है।

## पहली बार कब मनाया गया फादर्स डे?

फादर्स डे को पहली बार 1910 में मनाया गया था। वाशिंगटन के स्पोकेन शहर से फादर्स डे मनाने की शुरुआत हुई, जब एक पिता की याद में उसकी बेटी ने एक दिन समर्पित कर दिया। यह बेटी वाशिंगटन की रहने वाली थी, जिसके पिता ने उसे मां से बढ़कर प्यार दिया।

## इस बेटी ने मनाया था पहला फादर्स डे?

फादर्स डे की नींव रखने वाली बेटी का नाम सोनोरा लुईस था। सोनोरा की मां के निधन के बाद उनके पिता ने अकेले ही बेटी की परवरिश की। मां की तरह प्यार और पिती की तरह सुरक्षा दी। पिता के प्यार के कारण सोनोरा को कभी अपनी मां की कमी महसूस नहीं हुई।

## जून में ही क्यों मनाया जाता है फादर्स डे?

सोनोरा ने अपने पिता और उसके जैसे लाखों करोड़ों पिताओं को समर्पित करते हुए फादर्स डे मनाने के लिए याचिका दायर की। याचिका को सफल बनाने के लिए यूएस तक कैंप लगाए। आखिरकार उनकी मांग पूरी हुई और 19 जून को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। जून में फादर्स डे मनाने के पीछे की वजह ये थी कि सोनोरा के पिता का जन्मदिन जून में ही होता था।

## फादर्स डे पर आधिकारिक घोषणा

पांच साल बाद 1916 में अमेरिका की राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने फादर्स डे के प्रस्ताव को स्वीकार किया। फिर 1924 में राष्ट्रपति कैल्विन कूलिज ने फादर्स डे को राष्ट्रीय आयोजन घोषित किया। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने फादर्स डे जून के तीसरे रविवार को मनाने का फैसला लिया। वहीं 1972 में राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने इस दिन को अवकाश घोषित कर दिया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह अमेरिका की यात्रा पर



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह अमेरिका की यात्रा पर जाने वाले हैं। ऐसे में भारतीय अमेरिकी बड़े उत्साहित हैं। वे उनसे मिलने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। इस बीच, अमेरिका में रहने वाले भारतीयों को दुखी करने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, पीएम मोदी वाशिंगटन में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करने वाले थे, जिसका भव्य आयोजन होने की उम्मीद थी। पर अब कहा जा रहा है कि पीएम मोदी के व्यस्त शेड्यूल के चलते सभा के समय में कमी की गई है। वहीं, कुछ चुनिंदा लोगों को ही कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा।**

इस जानकारी के बाद उन नेताओं की उम्मीदों पर पानी फिर गया, जिन्होंने भव्य आयोजन की उम्मीद की थी। गौरतलब है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन व प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21-24 जून तक अमेरिकी यात्रा पर रहेंगे।

इंडियन अमेरिकन कम्युनिटी फाउंडेशन के चेयरमैन भरत बरई ने कहा कि वैश्विक भारतीय प्रवासियों के बीच भारत के पीएम मोदी काफी लोकप्रिय हैं। इतना ही नहीं पीएम मोदी अब विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता बन गए हैं। बरई ने साल 2014 में मैडिसन स्क्वायर गार्डन और 2019 में ह्यूस्टन में प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए शिकागो में एक मेगा कार्निवल जैसे कार्यक्रम की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा कि इन दोनों आयोजनों और हाल ही में हुए ऑस्ट्रेलिया में भारतीय प्रवासियों में एक अलग उत्साह देखा गया था। पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ी थी, जो पहले कभी नहीं देखी गई। यह उत्साह और गर्व का दिन था।

बरई ने कहा कि पीएम मोदी वाशिंगटन में थोड़ी देर से पहुंचेंगे, इसलिए प्रवासियों के साथ होने वाली सभा के समय में कमी की गई है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के आने की पुष्टि 29 मई को हुई थी। तीन सप्ताह में हमें कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक उपयुक्त जगह की तलाश करनी थी। भारतीय प्रवासियों के उत्साह को देखते हुए फैसला लिया गया कि कार्यक्रम वाशिंगटन में किया जाएगा। हालांकि, कार्यक्रम में चुने हुए करीब एक हजार लोग ही शामिल हो सकेंगे।

उन्होंने कहा कि पिछले साल नबंवर में मोदी ने अपनी अगली यात्रा के दौरान शहर में एक बड़ी बैठक में भाग लेने का शिकागो प्रवासियों से मिला निमंत्रण स्वीकार कर लिया था। पहले कहा जा रहा था कि मोदी 15 से 20 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। जबकि कार्यक्रम में बाद में बदलाव किया गया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अब 21 जून को अमेरिका की यात्रा पर आ रहे हैं। इसके लिए शिकागो में सोल्जर फील्ड स्टेडियम को 25 जून के लिए 40,000 से अधिक बैठने के साथ और 24 जून के लिए इलिनोइस विश्वविद्यालय के मैदान में तैयारी की जा रही है।

बता दें, भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 45 लाख है। प्रधानमंत्री प्रमुख शहरों में उनके साथ जुड़ेंगे और वह अपनी यात्राओं के दौरान विभिन्न अमेरिकी शहरों में उनसे बात करेंगे।



डॉ प्रताप सिंह वर्मा

# योग ही है अमृतकाल को अमृतमय बनाने का आधार



ललित गर्ग



**अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून पर विशेष**

**अनादिकाल से भारत योग भूमि के रूप में विख्यात इसलिये रही कि इसने शरीर से ही नहीं बल्कि मन से स्वस्थ रहना सिखाया। भारतीय योग तन और मन को स्वस्थ, सहज एवं संतुलित रखने का दर्शन है। सर्व भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया का पाठ पठाने वाले देश का कण-कण, अणु-अणु न जाने कितने योगियों की योग-साधना से आप्लावित हुआ है। इसी भूमि पर कभी वैदिक ऋषियों एवं महर्षियों की तपस्या साकार हुई थी तो कभी भगवान महावीर, बुद्ध एवं आद्य शंकराचार्य की साधना ने इस माटी को कृत्कृत्य किया था।**

साक्षी है यही धरा रामकृष्ण परमहंस की परमहंसी साधना की, साक्षी है यहां का कण-कण विवेकानंद की विवेक-साधना का, साक्षी है क्रांत योगी से बने अध्यात्म योगी श्री अरविन्द की ज्ञान साधना का और साक्षी है महात्मा गांधी की कर्मयोग-साधना का। योग साधना की यह मंदाकिनी न कभी यहां अवरुद्ध हुई है और न ही कभी अवरुद्ध होगी। इसी योग मंदाकिनी से आज समूचा विश्व आप्लावित हो रहा है, निश्चित ही यह एक शुभ संकेत है सम्पूर्ण मानवता के लिये। विश्व योग दिवस की सार्थकता इसी बात में है कि सुधरे व्यक्ति, समाज व्यक्ति से, विश्व मानवता का कल्याण हो। सचमुच योग वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत है। लोगों का जीवन योगमय हो, इसी से युग की धारा को बदला जा सकता है।

योग दिवस की अन्तराष्ट्रीय स्वीकार्यता के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सूझबूझ एवं प्रयासों से अपूर्व वातावरण बना है। जी-20 देशों की अध्यक्षता करते हुए सहज ही योग की प्रासंगिकता बढ़ी है क्योंकि आज महामारी, महायुद्ध, आतंकवाद, बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी के कारण जीवन का हर क्षेत्र समस्याओं से घिरा हुआ है, जिसके कारण हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है। योग जीवन की अस्त-व्यस्तता एवं तनावों से मुक्ति का सशक्त माध्यम है। योग करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है इसे सही तरीके से करना।

योग मनुष्य की चेतना को शुद्ध एवं बुद्ध करने की प्रक्रिया है, यह मनुष्य को ऊपर उठाने का उपक्रम है, जीवन में संतुलन स्थापित करने का साधन है एवं परमात्मा एवं परम ब्रह्म से एकाकार होने का विज्ञान है। ब्रह्म का साक्षात्कार ही जीवन का काम्य है, लक्ष्य है। यह साक्षात्कार न तो प्रवचन से ही प्राप्त हो सकता है, न बुद्धि से ही प्राप्त हो सकता है और न बहुत सुनने से ही प्राप्त हो सकता है, उसके लिये जरूरी है स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार और यह साक्षात्कार उसी को होता है जिसका अंतःकरण निर्मल और पवित्र है। पवित्र अंतःकरण ही वह दर्पण है जिसमें आत्मा का दर्शन, प्रकृति का प्रदर्शन और ब्रह्म का संदर्शन होता है। शुद्ध अंतःकरण में बुद्धि आकाशवत् निर्मल और स्वच्छ रहती है, मन गंगा जैसा पवित्र रहता है, चित्त ऐसा स्थिर रहता है जैसे बिना वायु के अविचल दीपक की ज्योति और सम्पूर्ण चेतना भगवान में मिलने के लिए ऐसी बहती है जैसे समुद्र में मिलने के लिए नदियां। जैसे शीशे में अपना चेहरा तभी दिखलायी पड़ता है जबकि शीशा साफ और स्थिर हो, इसी प्रकार शुद्ध अंतःकरण से ही परम ब्रह्म के दर्शन होते हैं। योग व्यायाम का ऐसा प्रभावशाली प्रकार है, जिसके माध्यम से न केवल शरीर के अंगों बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है। यही कारण है कि योग से शारीरिक व्याधियों के अलावा मानसिक समस्याओं से भी निजात पाई जा सकती है।

मेरी दृष्टि में योग मानवता की न्यूनतम जीवनशैली होनी चाहिए। आदमी को आदमी बनाने का यही एक सशक्त माध्यम है। एक-एक व्यक्ति को इससे परिचित-अवगत कराने और हर इंसान को अपने अन्दर झांकने के लिये प्रेरित करने हेतु विश्व योग दिवस को और व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के उपक्रम होने चाहिए। इसी से योगी बनने और अच्छा बनने की ललक पैदा होगी। योग मनुष्य जीवन की विसंगतियों पर नियंत्रण का माध्यम है। योग मनुष्य को पवित्र बनाता है, निर्मल बनाता है, स्वस्थ बनाता है। यजुर्वेद में की गयी पवित्रता- निर्मलता की यह कामना हर योगी के लिए काम्य है कि ''देवजन मुझे पवित्र करें, मन में सुसंगत बुद्धि मुझे पवित्र करे, विश्व के सभी प्राणी मुझे पवित्र करें, अग्नि मुझे पवित्र करें।'' योग के पथ पर अविराम गति से वही साधक आगे बढ़ सकता है, जो चित्त की पवित्रता एवं निर्मलता के प्रति पूर्ण जागरूक हो। निर्मल चित्त वाला व्यक्ति ही योग की गहराई तक पहुंच सकता है।

स्वामी विवेकानंद कहते हैं-''निर्मल हृदय ही सत्य के प्रतिबिम्ब के लिए सर्वोत्तम दर्पण है। इसलिए सारी साधना हृदय को निर्मल करने के लिए ही है। जब वह निर्मल हो जाता है तो सारे सत्य उसी क्षण उसमें प्रतिबिम्बित हो जाते हैं।...पावित्र्य के बिना आध्यात्मिक शक्ति नहीं आ सकती। अपवित्र कल्पना उतनी ही बुरी है, जितना अपवित्र कार्य।'' आज विश्व में जो आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, साम्प्रदायिक विद्धेष की ज्वलंत समस्याएं खड़र है, उसका कारण भी योग का अभाव ही है। जब मानव अपनी आधिदैविक, आधिभौतिक तथा आध्यात्मिक समस्याओं को सुलझाने के लिए अथवा उनका समाधान पाने के लिए योग का आश्रय लेता है तो वह योग से जुड़ता है, संबंध बनाता है, जीवन में उतारने का प्रयास करता है। किन्तु जब उसके बारे में कुछ जानने लगता है, जानकर क्रिया की प्रक्रिया में चरण बढ़ाता है तो वह प्रयोग की सीमा में पहुंच जाता है। इसी प्रयोग की भूमिका को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर हम मानवता को एक नयी शक्ल दे सकते है।

आत्म विकास हेतु योग एक प्रमुख साधना है। पातंजलि योगशास्त्र में योग का अर्थ चित्तवृत्ति-निरोध किया है। चित्त की वृत्तियों को रोककर एकाग्रता अथवा स्थिरता लाने को योग कहा है। बौद्ध शास्त्रों में योग का अर्थ समाधि किया है, जबकि जैन शास्त्रों में योग का अर्थ मन, वचन, काया को जोड़ने से अथवा संयोग करने से किया है। ऊपरी तौर पर इन परिभाषाओं में भेद दिखाई देता है परन्तु वास्तव में इनका अर्थ मन, वचन,. काया का निरोध कर एकाग्रता लाना व उनका आत्म-विकास के मार्ग में प्रवृत्ति करना है।

प्रसिद्ध उक्ति है-'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम'! इसके अनुसार निरोग एवं दृढ़ता से युक्त-पुष्ट शरीर के बिना साधना संभव नहीं। इसलिए योग को इस प्रकार गूंथ दिया गया है कि शरीर की सुडौलता के साथ-साथ आध्यात्मिक प्रगति भी हो। शरीर की सुदृढ़ता के लिए आसन एवं दीर्घायु के लिए प्राणायाम को वैज्ञानिक ढंग से ऋषियों ने अनुभव के आधार पर दिया है इससे व्यक्ति एक महान संकल्प लेकर उसे कार्यान्वित कर सकता है। अतः योग इस जीवन में सुख और शांति देता है और मुक्ति के लिए साधना का मार्ग भी प्रशस्त करता है। योग केवल सुंदर एवं व्यवस्थित रूप से जीवन-यापन करना ही नहीं सिखाता अपितु व्यक्तित्व को निखारने की कला को भी सिखाता है।

इस संसार में कर्म में प्रवृत्त परायण लोग शारीरिक शक्ति प्रधान होते हैं, कुछ लोग भक्ति परायण होकर भावनात्मक शक्ति प्रधान होते हैं, कुछ अन्य लोग ध्यान परायण होकर मानस शक्ति प्रधान होते हैं तो कुछ लोग विचार परायण होकर बौद्धिक शक्ति प्रधान होते हैं। इस प्रकार साधक भेद के अनुसार कर्मयोग, भक्तियोग, राजयोग एवं ज्ञानयोग-क्रमशः ये चार मार्ग प्रसिद्ध हैं। राजयोग के अनेक प्रभेदों में से एक 'आष्टांग योग है' है। आजकल व्यवहार में इसके दो अंग-आसन और प्राणायाम-विशेष रूप से प्रचलित हैं। 'ज्ञानादेव तु कैवल्य' इस उक्ति के अनुरूप आपके शरीर एवं मन को उस ज्ञानानुभूति के योग बनाना ही योग का प्रमुख लक्ष्य है। विश्व योग दिवस की निरन्तरता बनी रहे, यह अपेक्षित है। यह इतिहास न बने, बल्कि परम्परा बने- यही आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये योग दिवस का उद्घोष हो, इसी से लोगों को नयी सोच मिले, नया जीवन-दर्शन मिले।

# नगरीय क्षेत्र की समस्याओंको लेकर नगर कांग्रेस कमेटी 19 तारिख को नपा का घेराव करेगी : स्वदेश शर्मा

## नगर कांग्रेस कमेटी 19 तारीख दिन सोमवार को नगरपालिका का घेराव किया जाएगा



संवाददाता अरुण कश्यप

**सीवनी मालवा। सिवनी मालवा नगर कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को एसडीएम अनिल जैन को ज्ञापन सौंपा। नगर कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हमने नगरीय क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को लेकर कलेक्टर को अवगत कराया था। उसके बाद भी नगर पालिका के कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं आया है।**

कुछ दिन पहले कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया था, जिसमें नगरीय क्षेत्र में आ रही समस्याओं से अवगत कराया गया था। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आमजन अपने कार्यों को कराने के लिए परेशान हो रहे हैं। नर्मदा जल योजना का पानी अभी तक दोनों समय नहीं दिया जा रहा है। उसका कर भी आधा नहीं किया गया है। आमजन के पक्ष में नगर कांग्रेस कमेटी 19 तारीख को नगर पालिका का घेराव करेगी। नगर पालिका के अधिकारी सब कुछ देखते वह भी अंजान बने हुए हैं एवं देखकर अनदेखी कर रहे हैं और उनके निवास स्थान के पास में ही सब कुछ होता रहता है लेकिन वह कोई भी उचित कदम नहीं उठा पा रहे हैं। जिससे आम जनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं नगरपालिका के अधिकारियों के घर के सामने ही शासकीय भवन एवं वालों को खेल मैदानों को ठेकेदार के स्रोत किया जा रहा है जिससे आम जनों को एवं खेल प्रेमियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन अधिकारियों की चुप्पी के कारण वार्ड वासियों एवं नागरिकों को लगातार दिक्कतों का सामना उठाना पड़ रहा है इन सब मांगो को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी 19 तारीख को नगरपालिका का घेराव किया जाएगा।

# युवा कांग्रेस ने किया एमपीईबी कार्यालय का घेराव

नर्मदा समय

नर्मदा पुरम। नर्मदा पुरम शहर मे व्याप्त विद्युत समस्या अनियमित बिजली कटौती वोल्टेज ऊपर नीचे होने के चलते ख़राब हो रहे विद्युत उपकरण सहीत अन्य समस्या को लेकर आज युवा कांग्रेस के तत्वाधान मे एमपीईबी कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया गया एवं चेतावनी दी गयी की आज अंतिम बार हम ज्ञापन के माध्यम से आपको शहर की समस्या से अवगत कराने आये है यदि इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ और शहर की आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ा तो चक्का जाम कर हाईवे को बंद किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग के कर्मचारियों की रहेगी। इस प्रदर्शन के दौरान कार्यालय मे घेराव सभा का आयोजन किया गया जिसे पूर्व मंत्री विजय दुबे काकू भाई पूर्व नपा अध्यक्ष रवि जायसवाल अनिल अवस्थी नीलाम गाँधी नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल पूर्व अध्यक्ष पंकज राठौर जीतेन्द्र ओझा गजानंद तिवारी किशोर मैंना आदि वक्ताओ ने सम्बोदित किया। उक्त प्रदर्शन मे प्रमुख रूप से अजय मिश्रा लखन बैस अशोक जैन अनिल राठी अंटू भाटिया बाबू चौधरी पवन बोहरा संजय नगरिया दिलीप गोस्वामी संजय ठाकुर पप्पी कालोसिया वंदना ओझा सीमा भदौरिया प्रीती यादव युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस नगर अध्यक्ष सौम्य दुबे जिला महासचिव गौरव चौधरी प्रणीत मिश्रा प्रतिक मालवीय हिमांशु बाबू अग्रवाल नीलेश मालोनीय सर्बप्रीत भाटिया अर्जुन भोला दीपक नाथ अभिषेक ओझा राहुल दुबे दिनेश बलौरिया ईशान यादव राहिल बड़कुर नमन पटेल प्रणय मिश्रा अर्चित नामदेव लक्ष्य जायसवाल तक्ष दुबे कारण चौधरी हार्दिक जायसवाल पंकज बाथरी आकाश चौधरी सोनू बकोरिया अभिषेक साहू सचिन तिवारी आकाश कुशराम बबलू बामने प्रज्ञान साहू राजा कनोजिया निहाल ठाकुर विशाल बड़कुर आयुष मिहानी आशीष भदौरिया विजय सजवानी मितेश कनोजिया नीतेश सोलंकी जावेद खान आदि उपस्थित थे।

## कोई भी विस्थापित ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे

### विधायक विजयपाल सिंह एवं कलेक्टर ने ग्राम घोघरीखेड़ा में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**नर्मदा समय/** नर्मदापुरम। कोई भी विस्थापित ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लाभ से वंचित न रहे या सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को दिए हैं। शनिवार को विधायक विजयपाल सिंह एवं कलेक्टर श्री सिंह ने जनपद माखन नगर के विस्थापित ग्राम घोघरी खेड़ा एवं ग्राम धोव का भ्रमण कर यहां ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुन जायज समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व संदीप फेलोज, अनविभागीय अधिकारी वन विभाग श्रीमती। रचना शर्मा , अनुविभागीय अधिकारी सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अंकित जामोद सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

# बीजेपी नेता शंभू सिंह भाटी के जन्मदिवस पर मंत्र उच्चारण एवं महाआरती कर जन्मदिन मनाया




संवाददाता अरुण कश्यप

**बानापुरा।** सिवनी मालवा की उप नगरी बानापुरा बीजेपी नेता शंभू सिंह भाटी का जन्मदिन मंत्र उच्चारण एवं महा आरती कर एवं पूरे विधि विधान से मनाया गया। शंभू सिंह भाटी के जन्मदिन पर विशेष रुप से पधारे राधा कृष्ण राम जानकी मंदिर के पुजारी अवधेश तिवारी के द्वारा मंत्र उच्चारण एवं महा आरती कर पूरे विधि विधान के साथ में जन्मदिन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। शंभू सिंह भाटी के जन्मदिन दिवस पर आसपास के ग्रामीण इलाके एवं शहरी क्षेत्र के लोग भारी संख्या में जन्मदिन की बधाई देने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे एवं जन्मदिन की शुभकामनाएं शंभू सिंह भाटी को दी गई एवं आसपास के क्षेत्रीय इलाकों से आए उनके प्रिय जनों ने श्रीफल एवं साल पुष्प माला डालकर जन्मदिन की बधाई दी इस अवसर पर फिल्मी गीत एवं जन्मदिन के गीत के द्वारा भी कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाइए एवं फिल्मी एवं धार्मिक गानों को गाया गया शंभू सिंह भाटी की ओर से जन्मदिन के उपलक्ष में नगर वासियों एवं क्षेत्र के लोगों को प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के भोजन सामग्रियां बनाई गई एवं मिठाइयां बांटकर शंभू सिंह भाटी का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर नर्मदा पुरम एवं मध्य प्रदेश के नेतागण एवं क्षेत्रीय विधायक एवं पत्रकारों ने भी जन्मदिन कार्य स्थल पर आकर शंभू सिंह भाटी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी शंभू सिंह भाटी का जन्मदिन धूमधाम एवं आतिशबाजी कर जन्मदिन को मनाया गया। जन्मदिन के इस शुभ अवसर पर राजस्थान वेशभूषा एवं नृत्य भी किया गया। राजस्थानी नृत्य ने शंभू सिंह भाटी के जन्मदिन की शोभा बढ़ाई।

# खाधान्न विभाग की लापरवाही के कारण दुकानदारों के हौंसले बुंलद आम जनता होती हैं परेशान



नर्मदा समय /प्रदीप गुप्ता

नर्मदापुरम। भा.म.सं. से संबध्द न.पा. कर्म. मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया हैं कि पारिवारिक समग्र आई डी क्रमांक-20968719 में समग्र आईडी क्रमांक-305522058 राशन कार्ड क्रमांक-26719 वार्ड क्रमांक- 26 की राशन दुकान से खाधान्न योजना के तहत एक व्यक्ति का राशन नहीं दिया जा रहा है, जबकि नगरपालिका में कम्प्यूटर रिकार्ड परीक्षण के दौरान उक्त राशन कार्ड में छै व्यक्तियों का राशन दिया जावे। ऐसा स्पष्ट है उसके बाद भी पांच व्यक्तियों का ही राशन वार्ड क्रमांक- 26 से दिया जा रहा है। वार्ड क्रमांक-26 के दुकानदार के द्वारा समस्या का निराकरण न करके उपभोक्ताओं से बहस की जाती हैं और कहा जाता है कि मेरी मशीन जो बतायेगी वही सच है उतना ही राशन मिलेगा राशन तौलते समय भी देखने नहीं दिया जाता बहस करके दूर हटाया जाता है। मजदूर संघ जिले के मुखिया कलेक्टर का इस ओर ध्यानाकर्षित कराना चाहता है कि मुख्यमंत्री योजना के तहत फ्री राशन वितरण का सवाल नहीं है। परंतु सही तरीके से लोगो को राशन का वितरण न करके राशन दुकानदार संदेह के घेरे में है जो पात्र और सही व्यक्ति है जाने कितने लोग इस खाधान्न योजना से वंचित हैं। राशन दुकानदारों व खाधान्न विभाग की मिलीभगत से खाधान्न वितरण में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। क्योंकि ऐसे बहुत से उपभोक्ता हैं जो राशन नहीं लेते फिर यही राशन बाजार में बेच दिया जाता है। इस विषय पर संग्यान लेकर जांच किये जाना अति आवश्यक है। मजदूर संघ खाधान्न विभाग व कलेक्टर से अपेक्षा है कि वार्ड क्रमांक - 26 का लाइसेंस निरस्त करते हुये किसी अन्य को इस दुकान का दायित्व दिया जावे व शहर में सभी दुकानदारों की जांच की जावे कि वह ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन कर रहे है या नहीं कर रहे।

# अनुसूचित जाति,जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने का अभियान तीव्र गति से जारी



संवाददाता अरुण कश्यप

नर्मदापुरम। जिले में अनुसूचित जाति,जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने का अभियान तीव्र गति से जारी है। जिसके तहत सभी अनुविभाग स्तर पर जाति प्रमाण पत्रों का कार्य निरंतर प्रगति पर है। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के द्वारा सभी अनुविभागीय अधिकारियों को शेष आवेदनों का निराकरण समयसीमा में करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा की जा रही सतत मॉनिटरिंग का परिणाम है कि ऑनलाइन पंजीकृत आवेदनों में से 60598 आवेदनों का निराकरण संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा किया जा चुका है। लंबित आवेदनों का निराकरण समय सीमा में प्रक्रियाधीन है। जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। जिले के अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा जो निराकरण किए गए हैं उनमें नर्मदापुरम द्वारा कुल 14419 आवेदनों का निराकरण हो गया है। अनुविभागीय अधिकारी इटारसी द्वारा कुल 9882 आवेदनों का निराकरण हुआ है। एसडीएम सिवनी मालवा द्वारा कुल 8134 आवेदनों का निराकरण किया गया। अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर द्वारा कुल 7290 आवेदनों का निराकरण किया गया और अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया द्वारा कुल 20866 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। वर्तमान में लंबित 1320 आवेदनों का निराकरण समय सीमा में प्रक्रियाधीन है। जिसे जल्द पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत विभिन्न निकायों में आयोजित कार्यक्रमों में लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से निराकृत 60598 आवेदनों के जाति प्रमाण पत्रों को प्रिंट तैयार कर सम्बन्धित विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूलों में प्रदाय किये गये है।स्कूली जाति प्रमाण पत्र अभियान के तहत प्रारंभिक रूप से कक्षा 1 से कक्षा 8 तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के निःशुल्क जाति प्रमाण पत्र लोक सेवा केंद्र के माध्यम से प्रदाय किए जाने का अभियान जिले में तेजी से जारी है। इस अभियान के तहत जिले के कुल 09 लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से लगभग कुल 65500,पिछड़ा वर्ग के 33600 एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति के 32400 खाली आवेदन प्रारूप जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय को प्रदाय कर बीआरसीए बीईओ एवं जनशिक्षको के माध्यम से विभिन्न स्कूलों में प्रदाय किए गये हैं।खाली प्रदाय आवेदनों में से आज दिनांक तक कुल जिले में 61918 आवेदन, पिछड़ा वर्ग के 32821 एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति के 29077, विभिन्न स्कूलों से भरवाए जाकर सभी लोक सेवा केन्द्रों को प्राप्त हुए हैं।

सभी 09 लोक सेवा केंद्रों द्वारा प्राप्त 61918 आवेदनों की शत प्रतिशत ऑनलाइन एंट्री कर पोर्टल के माध्यम से सम्बन्धित अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों को ऑनलाइन एवं हार्ड कॉपी निराकरण हेतु प्रेषित किये गये। लोक सेवा केंद्र नर्मदापुरम द्वारा कुल 8535, लोक सेवा केंद्र माखननगर द्वारा कुल 5197, लोक सेवा केंद्र सोहागपुर द्वारा कुल 7061, लोक सेवा केंद्र पिपरिया द्वारा कुल 11901, लोक सेवा केंद्र बनखेडी द्वारा कुल 9248, लोक सेवा केंद्र इटारसी द्वारा कुल 7553, लोक सेवा केंद्र केसला द्वारा कुल 2640, लोक सेवा केंद्र डोलरिया द्वारा कुल 1776 एवं लोक सेवा केंद्र सिवनी मालवा द्वारा कुल 8007 प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल पर एंट्री की गयी हैं।

# कॉलेज के बाहर महिला कर्मचारी ने खाया जहर

## जिला अस्पताल रेफर करते समय हुई मौत, पुलिस ने कहा-जांच में होगा खुलासा



नर्मदा समय

**सिवनी मालवा। सिवनी मालवा तहसील के शासकीय कुसुम महाविद्यालय की एक महिला कर्मचारी शोभा सोनी ने अज्ञात कारणों के चलते कॉलेज के बाहर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद महिला कॉलेज के सामने ही गिर गई। महिला को देख वहां भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद कॉलेज के कर्मचारियों के द्वारा महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिवनी मालवा लाया।**

महिला का डॉ. ऋषि साहू ने प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला चिकित्सालय ले जाते समय रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। इसके बाद महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां पुलिस ने मर्ग कायम कर महिला के शव का पीएम करवाया।

थाना प्रभारी गौरव बुंदेला ने बताया कि सूचना मिली थी कि 58 वर्षीय महिला शोभा सोनी निवासी इंदिरा कालोनी ने शासकीय कुसुम महाविद्यालय के सामने जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी जिला चिकित्सालय ले जाने के दौरान रास्ते में ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिए और महिला का पीएम करवाया। परिजनों के बयान के बाद ही पता चल पाएगा कि किन कारणों के चलते महिला ने जहरीला पदार्थ खाया।

# नाव द्वारा रेत का अवैध उत्खनन करते हुए पाए जाने 4 नाव जप्त की



संवाददाता अरुण कश्यप

**नर्मदापुरम।** सीवनी मालवा/ जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ कार्यवाही निरंतर जारी हैं। इस क्रम में शुक्रवार को सिवनीमालवा में राजस्व विभाग, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बाबरी-पथाड़ा के मध्य नाव द्वारा रेत का अवैध उत्खनन करते हुए पाए जाने 4 नाव जप्त की गई। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार ललित सोनी,खनिज निरीक्षक कृष्ण कांत परस्ते, पुलिस उप निरीक्षक एन एल झरवड़े सहित राजस्व, खनिज एवं पुलिस का अमला उपस्थित रहा।

# कृषि मंत्री पटेल अग्नि दुर्घटना प्रभावित परिवारों से मिले



**हरदा।** प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने शनिवार को ग्राम कांकरिया का दौरा कर वहां अग्नि दुर्घटना के प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें प्रशासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया उन्होंने इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व पुस्तक परिपत्र के अनुसार इन पीड़ित परिवारों को अग्नि दुर्घटना से हुई क्षति के मामले में तत्काल राहत दिलाई जाए पड़ियां आग लगने से स्वाहा हो गई थी। उल्लेखनीय है कि गत दिवस अग्नि दुर्घटना में 3 परिवार प्रभावित हुए थे। कृषि मंत्री पटेल ने काकरिया पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ उन्हें तत्काल खाने पीने के सामान और बर्तनों की व्यवस्था कराने के निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों को दिए।

## अवैध मदिरा के संग्रह के विरुद्ध आबकारी दल ने की कार्यवाही

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने शुक्रवार को अवैध मदिरा के विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने वृत्त हरदा के खेड़ीपुरा व टंकी मोहल्ला, वृत्त टिमरनी के बरूड़घाट, अंधेरीखेड़ा, टेमागांव, मुरलीखेड़ा, पोखरनी व मगरधा में दबिश दी। इस दौरान कुल 20 लीटर हाथ भट्टी शराब व 1070 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किये। जप्तशुदा माल का अनुमानित मूल्य 76900 रूपये है।


## जन्मदिन पर युवा समाजसेवी कोमल राक्से ने किया रक्तदान

**शाहपुर।** बदलते दौर में आजकल के नौजवान जहां अपने जन्मदिन मनाने में हजारों रुपए बेवजह खर्च कर देते हैं। वहीं हतबंध के एक युवा ने अपने जन्मदिन पर विचारधारा से हटकर काम किया। समाज सेवा में हमेशा आगे रहने वाले युवा समाजसेवी कोमल राक्से ने शनिवार वार अपने जन्मदिन पर जिला चिकित्सालय सीहोर के ब्लड बैंक पहुंचकर 8 वीं बार रक्तदान कर लोगों को रक्तदान का महत्व समझाया। इससे पहले भी वो चिरायु मेडिकल कॉलेज भोपाल एवं जिला चिकित्सालय बैतूल में भी वो अपना रक्तदान कर चुके है। उन्होंने कहा कि हमें कम से कम जन्मदिन पर वर्ष में एक बार रक्तदान करना ही चाहिए।

## शाहपुर नगर में कुर्मी समाज द्वारा नगर इकाई का किया गठन

**भौरा।** शाहपुर नगर में गुरुवार रात्रि को त्रिभुवन वर्मा शिक्षक के निवास में कुर्मी समाज द्वारा शाहपुर नगर इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से लक्ष्मीकांत वर्मा ठेकेदार को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष राजेंद्र चौरे एवं नीरज चौरे, सचिव त्रिभुवन वर्मा, कोषाध्यक्ष रामावतार वर्मा, संगठन मंत्री दुर्गा वर्मा, मीडिया प्रभारी नवील वर्मा ,को बनाया गया। संरक्षक हेतु वयोवृद्ध शिवप्रसाद सिनोटिया एवं गज्जू वर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को तिलक लगाकर बधाई दी बैठक में स्वजातीय बन्धुओं ने कुर्मी समाज को एकजुट करने के लिए विचार व्यक्त किए। नवनियुक्त अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वर्मा ने कहा कि समाज ने उन्हें जिम्मेदारी दी है। उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। आगामी दिनों में सभी परिवारों के सह भोज का कार्यक्रम रखने पर विचार किया गया। बैठक में नानकराम वर्मा,रमाकांत वर्मा, विनोद चौरे, बृजेश वर्मा, राजकुमार वर्मा, राजेंद्र वर्मा आदि स्वजन उपस्थित थे।

## पहला हाई मास्क पार्षद कुमारी खुशबू विजय अतुलकर के वार्ड में लगाया गया



**आमला।** पार्षद कुमारी खुशबू विजय अतुलकर के भगत सिंह वार्ड में लगाया गया नितिन कि परिषद का पहला हाई मास्क पार्षद ने बताया कि मेरे द्वारा सबसे पहला पत्र अंबेडकर चौक पर हाई मास्क लगाने हेतु परिषद के एजेंडा मैं जोड़ने के लिए दीया गया था जिसे अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित पूरी परिषद ने सर्वसम्मति से पास किया था जो हाई मास्क आज लगकर चालू हो गया है इस हाई मास्क के लगने से पोस्ट ऑफिस बीएसएनएल ऑफिस और यहां के व्यापारी और रहवासियों को बहुत अधिक सुविधा प्राप्त होंगी यह क्षेत्र इस हाई मास्क के लगने से जगमगा उठा क्षेत्रवासियों द्वारा पार्षद के इस कार्य की बहुत प्रशंसा की जा रही है पार्षद कुमारी खुशबू विजय अतुलकर ने बताया कि आगे ऐसे और भी जनहित में कई कार्य किए जाएंगे इसके साथ ही पार्षद ने इस नेक कार्य का श्रेय अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित पूरी परिषद और मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिया पार्षद ने यह भी बताया कि इस कार्य को जल्दी कराने के लिए शाखा प्रभारी श्री रमेश देशमुख जी द्वारा भी ठेकेदार को बार-बार फोन कर प्रेशर बनाया गया और इस हाई मास्क को आजलगाने में अंजाम तक पहुंचाया गया मैं हृदय से अध्यक्ष उपाध्यक्ष मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित पूरी परिषद का और रमेश देशमुख जी का आभार अपने और अपने वार्ड वासियों की ओर से प्रकट करती हूं।

# आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता को देखकर घबरा रही भाजपाः जितेंद्र जैन क्रांतिकारी

## आप अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता कर सत्ता पक्ष पर लगाए तमाम आरोप

नर्मदा समय

टीकमगढ़। गतदिवस शनिवार के दिन नगर के स्थानीय अंबेडकर तिराहा के आगे स्थित आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया यह प्रेस वार्ता आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र जैन क्रांतिकारी व पार्टी के अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने की इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र जैन क्रांतिकारी सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता और प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार साथी मौजूद रहे प्रेस वार्ता का आयोजन दोपहर करीब 01 बजे किया गया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने कहा कि जब से मध्यप्रदेश में आम आदमी पार्टी ने अपनी दस्तक दी है तभी से सभी राजनैतिक दलों में उथल-पुथल का माहौल है लेकिन खासकर सत्ता पक्ष भाजपा घबरा गई है, और सत्ता के मद में वह आम आदमी पार्टी के क्रियाकलापों को भी बाधित कर रही है। श्री जैन ने कहा कि आगामी 25 जून 2023 को ग्वालियर में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की एक महारैली का आयोजन आम आदमी पार्टी द्वारा किया जाना था जिसकी स्वीकृति ग्वालियर के मेला ग्राउंड के लिए दी गई थी लेकिन सत्ता के मद में भाजपा ने आम आदमी पार्टी की महारैली की स्वीकृति रद्द कराकर 24 जून 2023 को उसी मेला ग्राउंड पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम को तय कर दिया इससे प्रतीत होता है कि भाजपा सत्तापक्ष आम आदमी पार्टी से घबरा रही है लेकिन श्री जैन ने कहा कि इनके द्वारा बाधित करने के बाद भी आम आदमी पार्टी अपने क्रियाकलापों को नहीं रोकेगी और जन जन तक पहुंचेगी और सत्ता पक्ष के क्रियाकलापों को जनता के बीच उजागर कर आम आदमी पार्टी अपनी नींव को मजबूत करेगी श्री जैन ने कहा कि आगामी 01 जुलाई 2023 को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा महारैली के रूप में कार्यक्रम ग्वालियर के मेला ग्राउंड पर ही आयोजित किया जाएगा। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने प्रेस वार्ता के दौरान सत्ता पक्ष भाजपा पर तमाम आरोप लगाए। प्रेस वार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष नितिन जैन हाकिम सिंह यादव अनिल केवट हमीद खान अविनाश रजक सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।




# अधिकारियों ने वार्ड चौपाल में सुनी नागरिकों की समस्याओं का किया निराकरण

नर्मदा समय




**हरदा।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सुशासन संबंधी निर्देशों के पालन में हरदा जिले में प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट और कृषि मंत्री कमल पटेल के मार्गदर्शन में चौपालों का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण गांव गांव में किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के नगरीय क्षेत्र के नागरिकों की समस्या के समाधान के लिये वार्ड चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। नगर परिषद खिरकिया के द्वारा शनिवार को वार्ड क्रमांक 11 एवं वार्ड क्रमांक 12 के नागरिकों के लिये थाना परिसर छीपाबड़ में वार्ड चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत महेंद्र खनुजा, उपाध्यक्ष विजयंत गौर, पार्षद सुरेन्द्र आठनेरे, अनुविभागीय अधिकारी अशोक डेहरिया, तहसीलदार रोजेन्द्र पंवार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

वार्ड चौपाल में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया एवं अपर कलेक्टर डी.के. सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिये उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये। वार्ड चौपाल में ईस्माइल खान पिता गुल खान का नामातंरण प्रकरण का त्वरित कर नामातंरण प्रमाण-पत्र जारी किया गया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र हितग्राहियों को वितरित किये गये। चौपाल में विद्युत विभाग से संबंधित 14 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 7 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। चौपाल में स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत 10 हजार रूपये के 8, 20 हजार रूपये के 8 तथा 50 हजार के 1 प्रकरण में स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। इस दौरान संबल कार्ड एवं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना स्वीकृति पत्र वितरण किया। कार्यक्रम में लाडली बहना पुष्पा भैसारे व ज्योति आठनेरे द्वारा माननीय मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया। वार्ड चौपाल में वार्ड क्र. 11 की कुल 221 तथा वार्ड क्र. 12 की 210 शिकायतें प्राप्त हुई।

### पूर्व मंत्री दादा यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने ली बैठक

# कमलनाथ संदेश यात्रा की तैयारियों सहित जिम्मेवारियों का मामला

नर्मदा समय



**टीकमगढ़।** आगामी 19 जून और 20 जून 2023 को टीकमगढ़ विधानसभा में कांग्रेस की कमलनाथ संदेश यात्रा आ रही है दादा यादवेंद्र सिंह बुंदेला पूर्व मंत्री के नेतृत्व में यह यात्रा टीकमगढ़ विधानसभा में आएगी।

जहां इस यात्रा की तैयारियों को लेकर 17 जून 2023 शनिवार के दिन पूर्व मंत्री दादा यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने समस्त कांग्रेसियों के साथ एक बैठक की और यात्रा की तैयारियों के बारे में जिम्मेवारियां भी सौंपी इस मौके पर बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ एवं प्रदेश स्तरीय नेता सूर्य प्रकाश मिश्रा दद्दी सहित ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर इसरार मोहम्मद पार्षद ध्रुव यादव पार्षद अनीस अहमद युवा नेता अरविंद खटीक देवेंद्र नापित पार्षद हबीब राईन सहित भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे जहां पूर्व मंत्री दादा यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने कमलनाथ संदेश यात्रा की पूरी तैयारियों को लेकर यह बैठक ली और जिम्मेवारियां सौंपी। उल्लेखनीय है कि कमलनाथ संदेश यात्रा 19 जून को टीकमगढ़ में आएगी जहां 5.30 नगर के स्थानीय गांधी चौराहे पर एक विशाल आमसभा आयोजित होगी वही 20 जून 2023 को यह कमलनाथ संदेश यात्रा बड़ागांव धसान नगर में 10.30 बजे एक विशाल आमसभा करेगी इन कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर पूर्व मंत्री दादा यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने कांग्रेसियों के साथ बैठक की और जिम्मेवारियां दीं। इस यात्रा का यह लक्ष्य है कि कमलनाथ का संदेश जन-जन तक पहुंचे और कांग्रेस की रीति नीति से लोग अवगत हो सकें।

### ग्राम भुरकाल ढाना में शासन की योजनाओं का नहीं मिल पा रहा लाभ

# ग्रामीणों ने आम आदमी पार्टी के द्वारा तहसीलदार एवं जनपद सीईओ आमला को दिया ज्ञापन

बबलू निरापुरे/नर्मदा समय




**आमला।** ग्राम पंचायत बारंगवाड़ी के ग्राम भूरकाल ढाना में ग्रामीणों के साथ तहसीलदार, एवं जनपद सीईओ आमला को कलेक्टर महोदय तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी बैतुल के नाम सौपा ज्ञापन सुधीर चौकिकर ने बताया की अभी तक शासन की नल जल योजना का लाभ नहीं दिया गया। साथ ही गांव तक पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग से कोई पक्की सड़क नहीं है जिससे ग्रामीणों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण शिक्षक समय पर नहीं आते है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि प्राथमिक शाला में केवल दो रूम है और एक शिक्षिका है जो सुबह 11:30 आती है और दोपहर 3:00 बजे चली जाती है। जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। सड़क ना होने की वजह से 100 डायल, एंबुलेंस 108 नहीं पहुंचने के कारण लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता हैं। दिलचस्प बात यह है बारिश के दिनों में वहा के लोगों को 4 महीनों का राशन एक साथ भरना पड़ता है।

इस बीच आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुधीर चौकिकर ने बताया कि अगर गांव की समस्या का निराकरण अगर नही होता हैं तो ग्रामीण एवं आम आदमी पार्टी सड़को पर आंदोलन करेगी एवं इसके जिम्मेदार स्वयं प्रशासन रहेंगे। इस बीच जनपद सीईओ का कहना है इंजीनियर की एक टीम गठित करके जल्द हि वहां की जांच की जाएगी एवं ग्रामीणों को हो रही असुविधा की हरसंभव हल निकल कर उनकी मदत करेंगी, इस बीच उपस्थित आम आदमी पार्टी से आमला ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश अतुलकर एवं यूथविंग के जिला उपाध्यक्ष सुधीर चौकीकर और ग्राम वासियों में संतोष अहांके, मलेपुर वाढ़िवा, सुगन लाल, नाबू, सुभाष आहाके, सदाराम भलावी, गजानन परते, जयराम भलावी, लबा वाढ़िवा, नान्हू कुम्बरे, संतोष भलावी, चिक्कू कवाड़े, बलास उइके एवं अन्य ग्रामवासीगण उपस्थित रहे।

## महिला एवं बालकों के विरूद्ध घटित होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक करने चलाया गया अभियान 'अभिमन्यु'



**बबलू निरापुरे/नर्मदा समय/** आमला। पुलिस अधीक्षक बैतूल सिद्धार्थ चौधरी के मार्गदर्शन मे 16 जून को आमला मे महिला सम्मान व महिला एवं बालकों के विरूद्ध घटित होने वाले अपराधों जैसे नशा, दहेज प्रथा, रूढ़ीवादिता, अश्लीलता, असंवेदनशीलता, भ्रूण हत्या, अशिक्षा लिंगभेद आदि रूढ़ियों को तोड़ने के लिये अभियान अभिमन्यु के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें आमजन को नारी सम्मान की शपथ दिलाई जाकर महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090 की महत्ता से अवगत कराया गया साथ ही अभियान के शुभंकर अभिमन्यु के साथ लोगों को सेल्फी लेने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे उप पुलिस अधीक्षक अजाक श्री ललित कश्यप , निरीक्षक सन्तोष पन्द्रे, निरीक्षक सेवंती परते (अजाक), उनि. हेमन्त पाण्डेय, उनि. प्रीति पाटिल एवं थाना आमला का पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

# बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था जिम्मेदार कौन

बबलू निरापुरे नर्मदा समय

**आमला। आमला में ट्रैफिक पुलिस की पदस्थापना ना होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है अभी कुछ दिन पहले थाने के नजदीक अस्पताल के सामने एक ट्रक से एक व्यक्ति कुचल गया था इसके पहले एक ट्रैक्टर से बालिका कुचल गई थी यदि थाना आमला के अपराध का आंकड़ा देखा जाए तो साल भर में 100 से अधिक अपराध एक्सीडेंट के दर्ज होते हैं आमला थाना में जो उपलब्ध पुलिस बल है उसमें वैसे ही स्टाफ की कमी है।**

ऊपर से ट्रैफिक पुलिस न होने से ट्रैफिक यातायात बेलगाम होता जा रहा है बस स्टैंड से तहसील कार्यालय तक मेन मार्केट में लोग मनमाने तरीके से वाहन खड़े करके माल का लदान करते हैं कुछ लोग स्थाई रूप से अपनी कार पार्किंग कर देते हैं जिससे आए दिन ट्रैफिक जाम होता है लगातार शिकायत करने के बावजूद भी ना तो स्थानीय प्रशासन के पुलिस अधिकारी इस और ध्यान देने को तैयार है।

वकील राजेंद्र उपाध्याय ने जिला पुलिस अधीक्षक बेतूल एवं कलेक्टर बेतूल को ज्ञापन देकर आमला में ट्रैफिक पुलिस की पदस्थापना की मांग की है उन्होंने बताया कि 2 दिन पहले ट्रैफिक पुलिस के थाना प्रभारी आमला आए थे उन्होंने बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था के लिए अतिक्रमण को जिम्मेदार ठहराया और इस संबंध में शासन को अवगत कराने की बात कही है।

उल्लेखनीय है कि लगातार ट्रैफिक व्यवस्था के बदहाल होने के संबंध में श्री उपाध्याय द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही है लेकिन शासन की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही शासन को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है पार्किंग व्यवस्था ना होना भी एक बड़ा कारण है कमिश्नर नर्मदापुरमके आदेश के पालन में अपर कलेक्टर बैतूल ने नगर पालिका परिषद को पार्किंग बनाने के निर्देश दिए थे। लेकिन अभी तक तहसील कार्यालय नगर पालिका परिषद परियोजना कार्यालय सरकारी चिकित्सालय कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं हो पाई है यह भी एक बड़ा कारण है ट्रैफिक जाम का बेतूल के वकील संजय मोखेडेने बताया वे जब भी कोर्ट के काम से आमला आते हैं मेन मार्केट में हमेशा जाम की स्थिति होती है इससे उन्हें कार्यालय पहुंचने में बहुत परेशानी होती है।

# प्रदीप अहिरवार,ने भरवाए नारी सम्मान योजना के फार्म



कुरवाई। नगर के वार्ड 8 में कमलनाथ की नारी सम्मान योजना के अंतर्गत आज प्रदीप अहिरवार ने सेकड़ो महिलाओं के फार्म भरवाए ओर मध्यप्रदेश में कमलनाथ सरकार आने पर महिलाओं को मिलने वाले लाभ से अवगत कराया,

नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरवाने दौरान युवक कांग्रेस कुरवाई ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश सप्रे व एन एस यू आई नगर अध्यक्ष मुजीब खान भी उपस्थित रहे!

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-प्रताप सिंह वर्मा के लिए ''दिशागोचर प्रकाशन'', 26बी, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी.नगर, जोन-1 भोपाल से मुद्रित एवं लाइफ लाइन भवन शिवराजपुरी कॉलोनी इटारसी जिला नर्मदापुरम 461111 म.प्र. इटारसी से प्रकाशित किया। नोः- सभी विवादों के लिए न्यायक्षेत्र नर्मदापुरम जिला न्यायालय रहेगा। मोबाइल नं.:-7974372722